# उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा

**474/1, सिविल लाइन्स, जवाहर बाग, मथुरा ।**

पत्रांकः– 1223/ब्र.ती.वि.प./2025–26, दिनांकः 01 जनवरी 2026

**ई–निविदा सूचना**

उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा द्वारा रंगोत्सव–2026 के आयोजन के अवसर पर जनपद मथुरा के प्रमुख मन्दिरों/घाटों पर विद्युत सजावट व प्रकाश व्यवस्था के कार्य हेतु अनुभवी फर्मो से टू–बिड पद्वति के आधार पर ई–निविदा दिनांक 02.01.2026 से 22.01.2026 को सायं 5.00 बजे तक आंमत्रित की जाती है, जो दिनांक 23.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे खोली जायेगी। उक्त निविदाओं को ई–टेण्डर की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर U.P BRAJ TEERTH VIKASH PARISHAD के पोर्टल पर देखा जा सकता है। शर्ते व नियम निविदा पोर्टल पर देखी जा सकती है। निविदाओं के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन/अतिरिक्त विवरण ई–पोर्टल/बेवसाईट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

**नोटः–**

1–निविदा मूल्य 2360.00/–(जी.एस.टी सहित) व जमानत धरोहर धनराशि रू0 30,000.00 भारतीय स्टेट बैंक, मथुरा कैंट (IFSC SBIN0005716) के खाता संख्या–37530109830 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराते हुये प्राप्त UTR SLIP (पृथक–पृथक) की स्केन कॉपी ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

2–निविदा प्रपत्र व शर्ते ई–पोर्टल वेबसाईट http://etender.up.nic.in एवं www.upbtvp.in पर देखे जा सकते है। इच्छुक निविदादाता नियमित रूप से उक्त वेबसाईट को समय–समय पर देखते रहें। निविदाओं के सम्बन्ध में कोई परिवर्तन/अतिरिक्त विवरण ई–पोर्टल/वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराया जायेगा।

01/01/2026

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद,
मथुरा।

# कार्यालय उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा

474/1, सिविल लाईन, निकट जवाहर बाग, मथुरा

कार्य का नामः–**<u>रंगोत्सव–2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के प्रमुख मन्दिरों में विद्युत सजावट व प्रकाश व्यवस्था का कार्य</u>**

कार्य की अनुमानित लागत रू0 12.50 लाख (जी.एस.टी सहित)

1–टेण्डर मूल्यः रू0 2360.00 (18 प्रतिशत जी.एस.टी सहित)

2–धरोहर राशिः रू0 30000.00

**सामान्य नियम व शर्तें एवे अर्हताऐंः–**

1. निविदा मूल्य रू0 2360.00(जी.एस.टी.सहित) व धरोहर धनराशि रू0 30000.00 भारतीय स्टेट बैंक मथुरा कैंट (IFSC: SBIN0005716) के खाता संख्या 37530109830 में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा कराते हुए प्राप्त यूटीआर स्लिप की स्केन कॉपी ई–निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में भी अनुमन्य होगी जो मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के नाम से बन्धक होगी, उसको तकनीकी बिड के साथ जमा करनी होगी।
2. निविदा प्रपत्र व शर्ते उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद की वेबसाइट www.upbtvp.in पर देखी जा सकती है।

3- http://etender.up.nic.in में उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के नाम डाउनलोड व अपलोड की जायेगी।

4. निविदा प्रपत्र में तकनीकी रूप से अर्ह होने के उपरान्त ही वित्तीय बिड खोली जायेगी।
5. विद्युत सजावट का कार्य सूची में अंकित निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व करना होगा तथा पूर्ण किये गये कार्य का सत्यापन समिति से कराना होगा।
6. कार्य व स्थान मे आवश्यकतानुसार परिवर्तन किया जा सकता है तथा कार्य की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
7. किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर समस्त जिम्मेदारी निविदादाता की होगी ।
8. दरें मदवार जी.एस.टी रहित अंकित करनी होगी तथा जी.एस.टी. नियमानुसार देय होगी।

7. स्थल पर लगी वास्तविक मात्रा के अनुसार ही भुगतान किया जायेगा तथा भुगतान के पूर्व बिल प्रस्तुत करना होगा।

8. कार्य की वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भुगतान के पूर्व प्रस्तुत करनी होगी तथा उसका भौतिक सत्यापन समिति द्वारा अनुमोदित कराना होगा तथा वास्तविक कार्य के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा। वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी का भुगतान निविदादाता द्वारा स्वयं वहन करना होगा।

9. वीडियोग्राफी एंव फोटोग्राफी के अभाव में भुगतान पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

10. जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, पेन कार्ड, आधार कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।

11. निविदादाता के पास **"ए"** श्रेणी लाइसेंस जो कि विद्युत सुरक्षा निदेशालय उ0प्र0 शासन द्वारा जारी किया गया हो सलंग्न करना अनिवार्य होगा। "ए" श्रेणी का लाइसेन्स किसी अन्य जॉइन्ट वेन्चर का मान्य नहीं होगा।

31/12/25

12. निविदादाता को इस प्रकार के कार्य का दो वर्षो का अनुभव होना अनिवार्य है, जिसमे एक कार्य का मूल्य लगभग 15.00 लाख अथवा 10–10 लाख के दो कार्य होना अनिवार्य है। अनुभव न होने पर निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। फर्म को कार्यादेश/अनुबन्ध अनिवार्य रूप से संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. फर्म के पास अन्तिम तीन वर्षो (2024-2025, 2023-24,2022-23) का औसत वार्षिक टर्नओवर 10.00 लाख रूपये से कम न हो।
14. तीन वित्तीय वर्ष (2024-2025, 2023-24,2022-23) का इनकम टैक्स रिर्टन संलग्न करना अनिवार्य होगा।
15. विद्युत विभाग से कार्य की विद्युत सुरक्षा संबंधी निरीक्षण आख्या प्राप्त कर उपलब्ध करानी होगी।
16. किसी भी वाद–विवाद की स्थिति में अन्तिम निर्णय मुख्य कार्यपालक अधिकारी उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद का ही मान्य होगा।

17– रू0 10.00 के स्टाम्प पेपर पर निम्न बिन्दुओं को मान्य करने का शपथपत्र।

अ– निविदा में भाग ले रही फर्म/निविदादाता को इस आशय का शपथपत्र फोटोयुक्त एवं नोटराईज्ड हो, देना होगा कि किसी भी विभाग/किसी भी राज्य में भी किसी संस्था द्वारा, काली सूची में शामिल अथवा डिबार नहीं की गयी एवं उसकी फर्म के विरूद्व केवल फर्म के व्यवसाय से सम्बन्धित कोई भी कोर्टकेस/विजिंलेस केस/सी0बी0आई0 केस विगत 03 वर्षो एवं वर्तमान में लम्बित नहीं है एवं फर्म के विरूद्व कोई चार्जशीट दाखित सन्दर्भित एजेन्सियों द्वारा दाखिल न की गयी हो। चार्जशीट फर्म पर ही यह लागू होगा, अथवा नहीं।

ब–इस आशय का शपथपत्र देना अनिवार्य होगा कि निविदा की समस्त शर्ते मान्य हैं, एवं निविदा में शर्तो के अनुरूप लगाये गये सभी प्रपत्र सत्य है। किसी प्रकार का विचलन पाये जाने पर विभाग द्वारा किसी भी वैधानिक कार्यवाही फर्म के विरूद्व किये जाने पर हमारी कोई आपत्ति नहीं होगी।

18–स्वीकृत/योग्य निविदादाता फर्म को अनुमानित कार्य की धनराशि का 10 प्रतिशत जमानत धनराशि राष्ट्रीयकत बैंक की एफ0डी0आर0/बैंक गारण्टी के माध्यम से रूप में जो मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 ब्रज तीर्थ विकास परिषद, मथुरा के नाम बंधक हो जमा करना अनिवार्य होगा, जिसकी वैधता अवधि तीन माह तक होगी। निविदादाताओं व अधोहस्ताक्षरी के बीच 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर कार्यदेश का अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।

19– आंमत्रित निविदा में फर्म को दिये गये कार्य की आपूर्ति प्रत्येक दशा में कार्यादेश के आधार पर नियत दिवस के अन्दर पूरा किया जाना अनिवार्य होगा।

20– निविदादाता द्वारा निविदा शर्तो के अनुरूप संलग्न किये जा रहे समस्त प्रमाण पत्र विभागीय कय नीति के निर्देशानुसार किसी भी प्रपत्र के परीक्षण एवं सत्यापन में यदि वह गलत पाया जाता है तो निविदा अमान्य किये जाने के साथ जमा की गयी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी एवं फर्म को 05 वर्ष हेतु काली सूची में डालते हुये फर्म के विरूद्व वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी।

21– बिना कोई कारण ई–निविदा को निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

31/12/25

# विद्युत सजावट हेतु प्रमुख मन्दिरों का विवरण

| क्र0 सं0 | प्रमुख मन्दिर का नाम | विद्युत सजावट हेतु तिथि |
|---|---|---|
| 1 | गाजीपुर मन्दिर | 23 व 24 फरवरी 2026 |
| 2 | संकेत मन्दिर | 23 व 24 फरवरी 2026 |
| 3 | श्री राधारानी मन्दिर, रावल | 25 व 26 फरवरी 2026 |
| 4 | नन्दकिला, नन्दभवन गोकुल | 26 व 27 फरवरी 2026 |
| 5 | श्री प्रहलाद मन्दिर (प्रहलाद कुण्ड) ग्राम फालैन | 02 व 03 मार्च 2026 |
| 6 | होली दरवाजा (होलीगेट) मथुरा | 03 व 04 मार्च 2026 |
| 7 | विश्राम घाट, मथुरा | 06 व 07 मार्च 2026 |
| 8 | ठाकुर श्री दाऊजी मन्दिर बल्देव | 05 व 06 मार्च 2026 |
| 9 | नन्दभवन चौरासी खम्भा मन्दिर महावन | 10 व 11 मार्च 2026 |

उपरोक्तानुसार स्थलों एवं तिथियों में परिवर्तन भी हो सकता है तथा कार्य की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।

Signature Not Verified

Digitally signed by RAM PRAKASH YADAV
Date: 2026.01.02 13:05:47 IST
Location: Uttar Pradesh-UP